RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



टी20 महिला विश्व कप में जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम : मंधाना

पेज 7

VOL: 03 | ISSUE 120 | SUNDAY DATE 24-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## भारत बन रहा भरोसेमंद ग्लोबल पार्टनर, दुनिया यहां के युवाओं और टेक्नोलॉजी से प्रभावित: मोदी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 19वें रोजगार मेले के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में चयनित युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया भारत के युवाओं, भारत की टेक्नोलॉजी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को लेकर बेहद उत्साहित है। उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया का भरोसेमंद सप्लाई चेन पार्टनर बनकर उभर रहा है और इसका सबसे बड़ा लाभ देश के युवाओं को मिलने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने हालिया 5 देशों के दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि यह यात्रा सिर्फ पांच देशों तक सीमित नहीं थी, बल्कि इस दौरान दुनिया की कई बड़ी कंपनियों और वैश्विक नेताओं के साथ उनकी विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हर जगह एक बात समान रूप से महसूस हुई कि दुनिया भारत के विकास और भारतीय युवाओं की क्षमता को लेकर बेहद आशावादी है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनना चाहती है और भारत भी विभिन्न देशों के साथ साझेदारी कर रहा है ताकि देश के युवाओं को रोजगार, नए अवसर और ग्लोबल एक्सपोजर मिल सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि नीदरलैंड के साथ सेमीकंडक्टर, जल प्रबंधन, कृषि और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में अहम चर्चा हुई है। वहीं स्वीडन के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल इनोवेशन पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है।



उन्होंने आगे बताया कि नॉर्वे के साथ ग्रीन टेक्नोलॉजी और मैरीटाइम सेक्टर में सहयोग को आगे बढ़ाया गया है। इसके अलावा यूएई के साथ स्ट्रैटेजिक एनर्जी और टेक्नोलॉजी पार्टनर्शिप को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं। इटली के साथ रक्षा, क्रिटिकल मिनरल्स, विज्ञान और टेक्नोलॉजी जैसे अहम क्षेत्रों में साझेदारी पर सहमति बनी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इन सभी अंतरराष्ट्रीय समझौतों और साझेदारियों का सीधा लाभ भारत के युवाओं को मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ. नरेश ने दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय की बदहाली पर जताई चिंता

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।** दिल्ली कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने शनिवार को दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय (डीएसईयू) की बदहाली पर चिंता व्यक्ति की है और प्रदेश सरकार से इसे जल्द से जल्द शुरू करने की मांग की है। डॉ. नरेश आज पश्चिमी दिल्ली में मुंडका के पास बक्करवाला स्थित डीएसईयू पहुंचे और विश्वविद्यालय की बदहाल स्थिति को देखकर चिंता व्यक्ति की। इस दौरान उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि यह विश्वविद्यालय केवल कागजों में दिखाई देता है। जमीनी स्तर पर इसकी हालत बेहद खराब और निराशाजनक है। उन्होंने बताया, 'इस संबंध में मैंने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को ज्ञापन सौंप है और उनसे विश्वविद्यालय को जल्द से जल्द शुरू करने की मांग की है, प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।

### शराब की दुकान में तोड़फोड़, सबूतों को भी नष्ट करने की कोशिश

**लखनऊ, यूटर्न/ 23 मई।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से शनिवार को एक अंग्रेजी शराब की दुकान में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने दुकान संचालक की तहरीर पर शिकायत दर्ज कर संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का स्पष्ट कहना है कि जो कोई भी इसमें संलिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के मुताबिक, इस पूरे विवाद की शुरूआत शनिवार रात को हुई थी, जब कैशियर और दुकान के बीच स्थित कैंटीन संचालक संजय यादव के बीच तीखी बहस हो गई थी। इसके बाद बहस का यह दायरा इतना बढ़ गया कि कैंटीन संचालक संजय यादव ने बुरा अंजाम भुगतने धमकी दी.

## पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए 360 डिग्री पर काम कर रही है दिल्ली सरकार : रेखा गुप्ता

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण नियंत्रण और बेहतर पर्यावरण के लिए 360 डिग्री पर काम कर रही है। चाहे वायु प्रदूषण की समस्या हो या फिर अधिक से अधिक पौधरोपण, सरकार हर संभव प्रयास कर रही है ताकि दिल्ली का पर्यावरण बेहतर से बेहतर बनाया जा सके।

मीडिया से बातचीत के दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रदूषण सिर्फ दो महीनों की चुनौती नहीं है बल्कि यह एक ऐसा काम है जिसे पूरे साल करना होता है। इसके लिए हमारी सरकार दिल्ली के पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है और प्रदूषण को ठीक करने पर गंभीरता से काम कर रही है। कई नई पहल की जा रही हैं।

सीएम ने कहा कि आप सभी को याद होगा कि दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्रालय ने स्टार्टअप्स की एक बहुत बड़ी प्रदर्शनी आयोजित की थी, जहां लोग पर्यावरण को बेहतर बनाने और प्रदूषण को खत्म करने के लिए नए, इनोवेटिव आइडिया लेकर आए थे। हमने उन्हें प्रदर्शित किया और आईआईटी दिल्ली के सहयोग से हमने उनका मूल्यांकन किया। हमने उनमें से सबसे बेहतरीन प्रोजेक्ट्स को चुना और अब हम उन्हें दिल्ली में लागू कर रहे हैं।



## दिल्ली के सभी रजिस्ट्रार ऑफिसों को हाईटेक बनाएगी रेखा सरकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता राजधानी की संपत्ति पंजीकरण व्यवस्था में व्यापक बदलाव लाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही हैं। मुख्यमंत्री चाहती हैं कि राजधानी के सब-रजिस्ट्रार ऑफिसों की कार्य संस्कृति बदले और वहां प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी, भ्रष्टाचार, दलाल संस्कृति या अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े। सरकार का उद्देश्य राजधानी के रजिस्ट्रार कार्यालयों को आधुनिक, पारदर्शी, तकनीक आधारित और नागरिक-अनुकूल सेवा केंद्रों के रूप में विकसित करना है, ठीक उसी प्रकार जैसे देश में पासपोर्ट सेवा केंद्रों के माध्यम से व्यवस्थित और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि इस योजना के अंतर्गत दिल्ली सरकार देश की सबसे बेहतर व्यवस्था बनाएगी।

## हाल में तीन बार ईंधन मूल्य वृद्धि, सरकार में नेतृत्व संकट का संकेत : मल्लिकार्जुन खरगे



**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पेट्रोल के दाम में आठ दिन के भीतर तीसरी बार वृद्धि को लेकर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मौजूदा स्थिति को देखकर लगता है कि सरकार में नेतृत्व का संकट पैदा हो गया है जिसके कारण बार-बार ईंधन के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। श्री खरगे ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम रहने के दौरान सरकार ने जनता को राहत नहीं दी, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों पर भारी कर लगाकर लोगों पर बोझ डाला और अब संकट की स्थिति में भी सरकार आम लोगों को राहत देने के बजाय बार-बार और लगातार ईंधन की कीमतों में वृद्धि कर रही है।

## भाजपा और उसके 'संगी-साथियों' की गतिविधियों की भी हो कानूनी जांच : अखिलेश



**लखनऊ, यूटर्न/ 23 मई।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश ने भाजपा और उससे जुड़े 'संगी-साथियों' पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जिस तरह असली शस्त्रों के लाइसेंस की जांच होती है, उसी तरह देश, समाज और आपसी सौहार्द पर 'अदृश्य शस्त्रों' से हमला करने वालों की गतिविधियों की भी कानूनी पड़ताल होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वकील और जनता सवाल उठा रहे हैं कि भाजपा नेताओं और उनके सहयोगियों के निर्माण, चंदे, संपत्तियों, विदेश दौरों और कथित गुप्त गतिविधियों की निष्पक्ष जांच कर उनका पूरा हिसाब-किताब सार्वजनिक किया जाए।

## बंगाल में भ्रष्टाचार मुक्त भर्ती का वादा, अभ्यर्थियों को मिलेगी ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी: सुवेंदु

» **कोलकाता, यूटर्न/ 23 मई।**

पश्चिम बंगाल में सरकार बदलने के बाद मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने राज्य की भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। अब भर्ती परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी देना अनिवार्य होगा।

मुख्यमंत्री अधिकारी ने यह घोषणा मध्य कोलकाता के सियालदह में आयोजित एक सरकारी रोजगार मेले के दौरान की। उन्होंने कहा, 'हर युवक और युवती को ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी दी जानी चाहिए। अब तक ओएमआर प्रणाली से परीक्षाएं होने के बावजूद कार्बन कॉपी नहीं दी जाती थी। भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार की जड़ यहीं से शुरू होती है। इसलिए अब से कार्बन कॉपी दी जाएगी।' रोजगार मेले के मंच से मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में लगातार भर्ती घोटालों के कारण पूरे देश में पश्चिम बंगाल की बदनामी हुई। उन्होंने कहा कि नई सरकार के तहत एक नई भर्ती नीति लागू की जाएगी।



संभावना है कि आगामी बजट सत्र में इस प्रस्ताव को विधानसभा में पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, 'राज्य सरकार प्रतिभाशाली युवाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ रोजगार के अवसर देगी। लिखित परीक्षा, शैक्षणिक अंक और मौखिक परीक्षा में अतिरिक्त अंक देने की व्यवस्था समाप्त की जाएगी।'

## श्रमिक राज्य की प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति

### उन्हें सम्मान-सुरक्षा देना सरकार की प्राथमिकता : योगी

» **लखनऊ, यूटर्न/ 23 मई।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमिक कल्याण, कौशल विकास और रोजगार सृजन को और व्यापक तथा परिणाममुखी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने बाल श्रमिक विद्या योजना को प्रदेश के सभी 75 जनपदों में विस्तारित करने, 'सेवामित्र व्यवस्था' को और प्रभावी बनाने, निर्माण श्रमिकों के लिए बड़े शहरों में आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्र विकसित करने तथा रोजगार मिशन को वैश्विक अवसरों से जोड़ने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि श्रमिक केवल उत्पादन प्रक्रिया का हिस्सा नहीं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था और प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि श्रमिकों, युवाओं और कमजोर वर्गों को सम्मानजनक जीवन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित कार्य वातावरण और बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध हों। शनिवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी बच्चा आर्थिक मजबूरी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाल श्रम प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर बच्चों को विद्यालयों से जोड़ा जाए और उनके पुनर्वास की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाए।



## बकरीद से पहले मौलाना मदनी बोले- 'कुबार्नी करें लेकिन कानून और साफ-सफाई का रखें पूरा ध्यान'

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।** बकरीद (ईद-उल-अजहा) से पहले देश के कई हिस्सों में पशुओं की कुबार्नी को लेकर विवाद तेज हो गई है। इसी बीच, जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने कहा है कि कुबार्नी इस्लाम की एक महत्वपूर्ण इबादत है। इसलिए हर मुसलमान अपने हिस्से की कुबार्नी अदा करने का हर संभव प्रयास करे। मौलाना महमूद मदनी ने ईद को लेकर कुछ सुझाव दिए हैं। जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, 'कुबार्नी इस्लाम की एक महत्वपूर्ण इबादत है, जो हर साहिबे हैसियत मुसलमान पर वाजिब है। कुबार्नी के दिनों में इसका कोई विकल्प नहीं है।

# करोल बाग में नकली यूएनओ मिंडा स्विचों का बड़ा रैकेट पकड़ा, तीन गिरफ्तार

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एआरएससी टीम ने ऑटो पार्ट्स के क्षेत्र में चल रहे नकली उत्पादों के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करोल बाग की तीन थोक दुकानों से यूएनओ मिंडा ब्रांड के 10,650 नकली स्विच बरामद किए हैं। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

क्राइम ब्रांच के अनुसार, आरोपी सस्ते विदेशी निर्मित ऑन/ऑफ स्विच आयात करते थे और उन पर प्रतिष्ठित ब्रांड यूएनओ मिंडा का ट्रेडमार्क फर्जी तरीके से अंकित कर उन्हें बाजार में असली उत्पाद के रूप में बेचते थे। इससे वे भारी मुनाफा कमा रहे थे। एसीपी संजय कुमार नागपाल की देखरेख में इंस्पेक्टर रॉबिन त्यागी के नेतृत्व वाली टीम को 19 मई 2026 को विश्वसनीय सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने यूएनओ मिंडा कंपनी के कानूनी प्रतिनिधियों के साथ मिलकर करोल बाग क्षेत्र में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुल 10,650 नकली यूएनओ मिंडा स्विच बरामद किए। इनमें मल्होत्रा एंटरप्राइज से 8,500 स्विच, कनक ऑटो स्पेयर्स से 650 स्विच और परी एंटरप्राइजेज से 1,500 स्विच जब्त किए गए।

पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें राजेश मल्होत्रा (मल्होत्रा एंटरप्राइज के प्रोप्राइटर), सोम भुटानी (कनक ऑटो स्पेयर्स के प्रोप्राइटर) और कमल रसवंत (परी एंटरप्राइजेज के प्रोप्राइटर) शामिल हैं। तीनों आरोपी पिछले 15-20 वर्षों से ऑटो पार्ट्स के थोक कारोबार में सक्रिय थे। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि विदेश से सस्ते स्विच मंगाकर उन पर यूएनओ मिंडा का ब्रांड नाम लगाकर उन्हें असली माल के रूप में बेचा जाता था। इस मामले में 20 मई 2026 को क्राइम ब्रांच थाने में एफआईआर संख्या 133/2026 दर्ज की गई है।

## मधु विहार पुलिस ने झपटमारी गिरोह का भंडाफोड़ किया, चार गिरफ्तार; दो मोबाइल और मोटरसाइकिल बरामद

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।** पूर्वी दिल्ली के मधु विहार पुलिस स्टेशन की टीम ने सड़क पर झपटमारी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से दो चोरी के मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, 14/15 मई 2026 की दरमियानी रात करीब 3 बजे तेलको टी-पॉइंट, हसनपुर के पास एक युवक से मोबाइल फोन छीन लिया गया था। इस घटना के आधार पर मधु विहार थाने में एफआईआर संख्या 169/2026 दर्ज की गई थी, जिसमें धारा 304(2), 3(5) और 112 बीएनएस शामिल हैं। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने 22 मई को गाजीपुर गोल चक्कर, खिचड़ीपुर इलाके में छापा मारा और चारों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विशाल उर्फ अतुल (26 वर्ष), निवासी खिचड़ीपुर; राजेश उर्फ राजे (24 वर्ष), निवासी खिचड़ीपुर; राज कुमार उर्फ शेट्टी (39 वर्ष), निवासी खिचड़ीपुर और राम प्रकाश उर्फ अनिल (29 वर्ष), निवासी खिचड़ीपुर, के रूप में हुई है। पूछताछ में सभी आरोपियों ने अपराध की बात स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने दो चोरी के मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की। ये दोनों मोबाइल अन्य झपटमारी मामलों से संबंधित बताए जा रहे हैं। तीन आरोपियों का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। राज कुमार उर्फ शेट्टी पहले से 21 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है और वह कल्याणपुरी थाने का 'बैड कैरेक्टर' घोषित है। राम प्रकाश उर्फ अनिल पर 8 मामले दर्ज हैं। विशाल उर्फ अतुल भी दो मामलों में शामिल रहा है। एसएचओ मधु विहार राजेश विजय वर्गीस के नेतृत्व में और एसीपी तिलक चंद्र बिष्ट के मार्गदर्शन में हेड कांस्टेबल सचिन त्यागी, अरुण और नीरज की विशेष टीम ने लगभग 100 सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया।

## बाइक सवार ने युवक को मारी टक्कर, दायां पैर टूटा

**लोनी, यूटर्न/ 23 मई।** बाइक सवार ने जवाहर नगर कॉलोनी में युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवा घायल हो गया। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की शिकायत युवक के पिता ने पुलिस से की है। रोहताश निवासी जवाहर नगर कॉलोनी ने बताया कि उनका बेटा आकाश घर का सामान लेने के लिए बाइक पर सवार होकर दुकान पर जा रहा था। कॉलोनी स्थित ए ब्लॉक में पहुंचा तो सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनके बेटे को टक्कर मार दी। हादसे में आकाश का दायां पैर टूट गया। घटना को अंजाम देकर बाइक सवार मौके से भाग गया। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पीड़ित के पिता की शिकायत पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## अभयखंड में नाला निर्माण बना आफत, टूटी पाइपलाइन पर बांधी पन्नी

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 23 मई।** अभयखंड में नाला निर्माण स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। बुधवार को खोदाई के दौरान नगर निगम की टीम ने पेयजल पाइपलाइन तोड़ दी। कर्मचारियों ने पाइपलाइन की मरम्मत करने के बजाय पन्नी बांधकर काम छोड़ दिया। नतीजा- सप्लाई के वक्त घरों में पानी का प्रेशर बेहद कम है। वहीं टूटी लाइन से हजारों लीटर पानी रोज नाली में बह रहा है। गर्मी में पानी की किल्लत झेल रहे लोग इस बबार्दी से नाराज हैं।

**ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप:** स्थानीय निवासी आरपी जोशी ने बताया ठेकेदार बेहद घटिया काम कर रहे हैं। कई बार नगर निगम और पार्षद से शिकायत की। कुछ दिन पहले अधिकारियों से मिले तो उन्होंने ठेकेदार पर सख्ती का भरोसा दिया, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं बदला। लगातार अनसुनी से परेशान लोगों ने अब महापौर को फोटो-वीडियो भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है। लोगों का कहना है कि जब तक ऊपर से दबाव नहीं बनेगा, ठेकेदार की मनमानी चलती रहेगी।

## अंधेरे में डूब गया आधा गुरुग्राम

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 23 मई।** शहर में शुक्रवार देर शाम बड़ा बिजली संकट पैदा हो गया, जब सेक्टर-72 स्थित पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के 400 केवी क्षमता वाले बिजली घर में आग लग गई। आग लगने के साथ तेज धमाका हुआ, जिससे मुख्य ट्रांसफार्मर और दो मुख्य सर्किट प्रभावित हो गए। इस घटना के बाद शहर के करीब 200 सेक्टर, कॉलोनियां और गांव अंधेरे में डूब गए। आग लगने से सेक्टर-15, 14, 38, 44, 46, 52, 56 और मारुति स्थित 66 केवीए बिजली घर प्रभावित हो गए। इसके चलते सेक्टर-15 से लेकर सेक्टर-57 और सेक्टर-68 से सेक्टर-72 तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। सेक्टर-15 के पार्ट-1, 2 और सेक्टर-18 में भी घंटों बिजली गुल रही। घटना की सूचना मिलते ही पावर ग्रिड और हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम (एचवीपीएन) के अधिकारी मौके पर पहुंचे। एचवीपीएन के अधीक्षक अभियंता केके सरकार ने बताया कि बिजली लोड को दूसरे बिजली घरों पर स्थानांतरित किया जा रहा है और जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने का प्रयास जारी है।

## ब्रिज विहार में 1.44 करोड़ से नाले की दीवार और सड़क निर्माण कार्य शुरू

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 23 मई।** ब्रिज विहार के वार्ड-68 में 15वें वित्त आयोग के तहत करीब 1.44 करोड़ रुपये की लागत से नाले की आरसीसी दीवार और आरसीसी सड़क निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के तहत करीब वार्ड-68 के कॉलोनी की 300 मीटर सड़क और ब्रिज विहार नाले की 550 मीटर दीवार का निर्माण कराया जाएगा। पार्षद विनय कुमार चौधरी ने बताया कि नाले की दीवार लंबे समय से टूटी हुई थी, बारिश में नाले का पानी कॉलोनियों में न आ जाए इसके लिए दीवार बनाया जाएगा।



## महिलाओं पर कैंची से हमला करने वाला साइको आरोपी गिरफ्तार, स्कूटी से करता था पीछा

**नोएडा, यूटर्न/ 23 मई।** नोएडा के सेक्टर-58 थाने की पुलिस ने महिलाओं और लड़कियों पर पीछे से कैंची से हमला करने वाले एक कथित साइको आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को सेक्टर-55/56 रोड से दबोचा। उसके कब्जे से घटना में इस्तेमाल स्कूटी और कैंची भी बरामद की गई है। आरोपी की पहचान 26 वर्षीय अंकित वर्मा के रूप में हुई है, जो गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी का रहने वाला है और नोएडा की एक निजी कंपनी में एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत है। पुलिस के अनुसार, 22 मई को दो महिलाओं ने थाना सेक्टर-58 पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि जब वे सेक्टर-55 रोड से अपने घर लौट रही थीं, तभी स्कूटी सवार एक युवक ने पीछे से आकर उन पर किसी नुकीली धारदार वस्तु से हमला कर दिया। हमले में दोनों महिलाओं को कमर के नीचे चोटें आई थीं। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना सेक्टर-58 पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर दोनों महिलाओं का मेडिकल परीक्षण कराया। साथ ही आरोपी की तलाश के लिए विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और लोकल इंटेलिजेंस की मदद से आरोपी की पहचान की और उसे 23 मई को सेक्टर-55/56 रोड से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह सुनसान रास्तों पर अकेली जा रही महिलाओं और लड़कियों को निशाना बनाता था। वह स्कूटी से उनका पीछा करता और मौका मिलते ही पीछे से कैंची से हमला कर फरार हो जाता था। पुलिस का कहना है कि आरोपी मानसिक रूप से विकृत सोच का प्रतीत हो रहा है, और उससे यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि उसने पहले भी ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया है या नहीं।

## युवाओं के सपनों की हत्या, पेपर लीक और भ्रष्टाचार की राजनीति से पैदा हुई है कॉकरोच पार्टी : गायत्री देवी

» हरियाणा, यूटर्न/ 23 मई।



प्रदेश कांग्रेस में संगठन सृजन की एडिशनल ऑब्जर्वर एवं भगत धन्ना सेवा समिति की अध्यक्ष गायत्री देवी ने केंद्र और हरियाणा की सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ लगातार किए जा रहे खिलवाड़, बार-बार हो रहे पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी की घटनाओं ने ही प्रदेश में 'कॉकरोच पार्टी' जैसी परिस्थितियों को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कॉकरोच अंधेरे और गंदगी में पनपता है, उसी प्रकार यह राजनीति भी पेपर लीक, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और जनता के भीतर बढ़ते असंतोष की उपज है। पिछले कई वर्षों में युवाओं के सपनों को योजनाबद्ध तरीके से कुचला गया है। NEET, UGC-NET, पुलिस भर्ती और लररउ जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक होने से लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लगा, लेकिन सरकार व्यवस्था सुधारने के बजाय छात्रों पर लाठीचार्ज कर दमनकारी रवैया अपनाती रही। गायत्री देवी ने कहा कि अग्निवीर योजना के माध्यम से सेना में भर्ती होने का सपना देखने वाले युवाओं के साथ भी अन्याय किया गया है। युवाओं को स्थायी रोजगार और सुरक्षित भविष्य देने के बजाय उन्हें अस्थायी व्यवस्था में धकेला जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा आज देश के सबसे अधिक बेरोजगारी दर वाले राज्यों में शामिल हो चुका है। ठेका प्रथा, कच्ची नौकरियां, ट्रांसफर-पोस्टिंग में भ्रष्टाचार तथा विश्वविद्यालयों में कथित रूप से पैसों के बदले नौकरियां देने जैसी घटनाओं ने युवाओं का भरोसा तोड़ दिया है।

वहीं खनन माफिया और शराब माफिया को संरक्षण देकर प्रदेश में गुंडागर्दी और भय का माहौल तैयार किया जा रहा है। गायत्री देवी ने कहा कि भाजपा सरकार जनता का ध्यान महंगाई, बेरोजगारी और पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दों से हटाने के लिए महापुरुषों का अपमान करने तथा समाज को जाति और धर्म के नाम पर बांटने की राजनीति कर रही है। लेकिन अब हरियाणा की जनता सब समझ चुकी है।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर 48 करोड़ का मादक पदार्थ पकड़ा गया, दो ड्रग तस्कर गिरफ्तार

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।



इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम विभाग ने बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ के साथ तस्करों को गिरफ्तार किया है। थाईलैंड के रहने वाले दो यात्री मादक पदार्थ के लिए एयरपोर्ट पर पहुंचे थे, जिसकी कीमत 48 करोड़ बताई जा रही है।

कस्टम विभाग के अनुसार, नई दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक की फ्लाइट (एआई-2356) से शुक्रवार को आ रहे दो थाईलैंड के यात्रियों को सीमा शुल्क ग्रीन चैनल पार करने के बाद रोका। विशिष्ट प्रोफाइलिंग इनपुट और संदिग्ध यात्रा संकेतों के आधार पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने दोनों यात्रियों के सामान की जांच की।

जांच के दौरान हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) होने के संदेह वाले छह (6) वैक्यूम-सील्ड पैकेट बरामद हुए। लगभग 29 किलोग्राम वजन के चार पैकेट एक यात्री के सामान से बरामद किए गए, जबकि लगभग 19 किलोग्राम वजन के दो पैकेट दूसरे यात्री के सामान से बरामद किए गए। इस मामले में बरामद संदिग्ध मादक पदार्थ की कुल मात्रा लगभग 47.805 किलोग्राम थी। बरामद एनडीपीएस पदार्थ का बाजार मूल्य लगभग 48 करोड़ रुपये है। दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर हाल के दिनों में हुई सबसे बड़ी जब्ती में से यह एक है। मामले की आगे की जांच जारी है।

इसके पहले इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क (कस्टम विभाग) के अधिकारियों ने अवैध रूप से सोना लेकर पहुंचे एनआरआई यात्री को गिरफ्तार किया था। सीमा शुल्क अधिकारियों ने जांच के दौरान पाया था कि यात्री ने अपनी पैंट की भीतरी जेबों में 115 सोने की छड़ें छिपा रखी थीं, जिनका कुल वजन 3565 ग्राम था। यात्री ने सोने को छिपाने के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई बेल्ट का इस्तेमाल किया था। बरामद सोने की छड़ें 24 कैरेट सोने की थी, जिनकी शुद्धता 999.9 है। इन्हें भारत में तस्करी करके लाया जा रहा था और सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 110 के तहत जब्त किया गया है। संबंधित यात्री को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 104 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# उम्मीद की किरण बनती एक सरकारी विद्यालय की शिक्षिका

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 23 मई। सुमन मलिक , सुपुत्री जय सिंह मलिक, गाँव उमरा, जिला जींद की शादी खेड़ड़ गाँव के सुभाष सहारण के साथ हुई थी। वर्तमान में सुमन मलिक गाँव सरसौद के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पी.जी.टी. इतिहास के पद पर कार्यरत है। इस मुकाम तक पहुँचने में सुमन मलिक के परिवार, उनके पति एवं उनकी दोस्त सुनीता का अहम योगदान है। सुमन मलिक अपने विद्यालय के विद्यार्थियों को इतिहास के साथ-साथ भूगोल, राजनीतिक विज्ञान व हरियाणा सामान्य ज्ञान पढ़ाकर प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए भी तैयार कर रही है।

सुमन मलिक द्वारा बच्चों को पढ़ाने का दायरा केवल उनके राजकीय विद्यालय सरसौद तक ही सीमित नहीं है। वह प्रत्येक दिन विद्यालय समय के बाद सरसौद गाँव से बालक गाँव की ओर जाने वाली सड़क पर पड़ने वाले एक भट्ठे के 25-30 बच्चों को बिना किसी निजी स्वार्थ के पढ़ाती है। भट्ठे पर रहने वाले ये बच्चे पढ़ने के लिए अपनी सुमन का उत्साहपूर्वक इंतजार करते हैं।

शुरू-शुरू में इन बच्चों को पढ़ाना सुमन मलिक को चुनौतीपूर्ण लगा क्योंकि इन बच्चों के लिए पढ़ना-लिखना बिल्कुल नई बात थी। लेकिन सुमन मलिक इन बच्चों को पढ़ाने के अपने प्रयास में कभी कोई कमी नहीं रहने दी।

धीरे-धीरे सुमन के प्रयास सफल होने लगे और ये बच्चे पढ़ाई में रुचि लेने लगे। सुमन प्रतिदिन इन बच्चों के लिए अपने घर से खाना बनाकर लाती है तथा अपने सहयोगियों की सहायता से पढ़ने-लिखने की सामग्री इन बच्चों को देती है। इस प्रकार सुमन मलिक इन बच्चों के उम्मीद की किरण बनती जा रही है।



# लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पंचायत चुनाव महत्वपूर्ण कड़ी : जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त

## 1 जून को होगी पंचायत समिति पानीपत सदस्यों की अहम बैठक




**निर्मल सिंह विर्क/ पानीपत, यु-टर्न 23 मई।** पंचायत समिति पानीपत के चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा के निर्देशों की पालना करते हुए पंचायत समिति पानीपत के सदस्यों की बैठक 1 जून को प्रातः 11 बजे खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय, पानीपत में आयोजित की जाएगी। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उपायुक्त डॉ विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि बैठक में पंचायत समिति के सभी सदस्यों को समय पर उपस्थित होकर चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के निर्देश जारी किए गए हैं। निर्धारित प्राधिकारी एवं जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा द्वारा सभी सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से सूचना पहुंचाने के साथ-साथ कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर भी नोटिस चस्पा करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा गांव स्तर पर भी मुनादी के माध्यम से जानकारी दी जाएगी ताकि चुनाव प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सके। जिला प्रशासन की ओर से संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# रेसलर विनेश फोगाट को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत, एशियन गेम्स के ट्रायल में हिस्सा लेने की अनुमति मिली



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।** भारतीय रेसलर विनेश फोगाट को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उन्हें एशियन गेम्स 2026 के सेलेक्शन ट्रायल में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है। ये ट्रायल्स 30 मई से शुरू होंगे। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि विनेश फोगाट सिर्फ इसलिए ट्रायल की जरूरी शर्तें पूरी नहीं कर पाईं, क्योंकि वह मातृत्व अवकाश (मैटरनिटी लीव) पर थीं। किसी महिला खिलाड़ी को मां बनने की वजह से खेल से बाहर नहीं किया जा सकता। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की बेंच ने कहा कि गर्भावस्था और बच्चे के जन्म के बाद महिला खिलाड़ियों को कई तरह की शारीरिक परेशानियों से गुजरना पड़ता है, लेकिन खेल संस्थाएं अक्सर इन मुश्किलों को नजरअंदाज कर देती हैं। हम गर्भावस्था की वजह से महिला खिलाड़ियों को होने वाली दिक्कतों को नजरअंदाज नहीं कर सकते। हाईकोर्ट ने विनेश फोगाट को नोटिस भेजने के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को भी कड़ी फटकार लगाई। दरअसल, डब्ल्यूएफआई ने विनेश को नोटिस भेजकर कहा था कि पेरिस ओलंपिक में वजन ज्यादा होने के कारण उनका बाहर होना देश के लिए शर्म का विषय था। हाई कोर्ट ने कहा कि एक महिला खिलाड़ी को भेजे गए नोटिस में इस तरह की भाषा बेहद अपमानजनक है।

## हरियाणा की गौरव बेटी सिद्धांशी शर्मा ने रचा सफलता का स्वर्णिम इतिहास

# शानदार अंकों पर मिला 'विजय पुरस्कार'

» अश्विनी वालिया कुरुक्षेत्र




हरियाणा की प्रतिभाशाली एवं संस्कारी बेटी सिद्धांशी शर्मा ने अपनी अद्भुत मेहनत, लगन और अनुशासन के दम पर 12वीं कक्षा में शानदार अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया। मेधावी छात्रा सिद्धांशी को उत्कृष्ट परिणाम एवं सर्वश्रेष्ठ प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर आयोजित भव्य सम्मान समारोह में प्रतिष्ठित 'विजय पुरस्कार' देकर सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान जैसे ही सिद्धांशी शर्मा का नाम मंच से पुकारा गया, पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विद्यालय परिवार, शिक्षकगण, अभिभावक एवं उपस्थित अतिथियों ने इस होनहार बेटी की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उसे भविष्य की प्रेरणा बताया। इस अवसर पर सिद्धांशी की माता श्रीमती चेतना शर्मा ने मीडिया से रूबरू होते हुए भावुक शब्दों में कहा कि उनकी बेटी ने दिन-रात कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के बल पर यह ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि सिद्धांशी बचपन से ही पढ़ाई के प्रति बेहद गंभीर रही है और उसने हर चुनौती को मुस्कुराते हुए स्वीकार किया। विद्यालय की प्राचार्या एवं शिक्षकों ने सिद्धांशी शर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि संस्कार, व्यवहार, अनुशासन और विनम्रता में भी विद्यालय की सबसे उत्कृष्ट छात्राओं में शामिल रही है। शिक्षकों ने कहा कि सिद्धांशी जैसी प्रतिभाएं किसी भी विद्यालय का गौरव होती हैं और उसकी सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। विद्यालय प्रशासन ने विशेष रूप से सिद्धांशी की माता चेतना शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि एक मां के रूप में उन्होंने अपनी बेटी को केवल अच्छी शिक्षा ही नहीं, बल्कि उच्च संस्कार, नैतिक मूल्य और जीवन में आगे बढ़ने की सही दिशा भी दी है। उन्होंने कहा कि सिद्धांशी की सफलता के पीछे उसकी माता का त्याग, मार्गदर्शन और अथक समर्पण साफ दिखाई देता है।

समारोह में उपस्थित लोगों ने कहा कि सिद्धांशी शर्मा आज की युवा पीढ़ी के लिए एक जीवंत उदाहरण बन चुकी हैं कि यदि लक्ष्य बड़ा हो, इरादे मजबूत हों और माता-पिता का आशीर्वाद साथ हो, तो सफलता स्वयं कदम चूमती है।

आज सिद्धांशी शर्मा की यह ऐतिहासिक उपलब्धि पूरे हरियाणा के लिए गर्व का विषय बन गई है और हर कोई इस प्रतिभाशाली बेटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहा है।

# थानेसर हलका में तेज गति के साथ करवाए जा रहे हैं विकास कार्य : सुभाष सुधा

## पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने वार्ड 30 व वार्ड 29 में लगभग 73 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नाले का किया शिलान्यास

» हरियाणा, यूटर्न/ 23 मई।



हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर हलका में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तीन गुणा गति के साथ विकास कार्य किए जा रहे हैं। इस हलका के गांव और शहरों में सबका साथ सबका विकास नीति को आधार मानकर विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। शहर के विकास में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बजट की कोई कमी नहीं रख रहे। आए दिन शहर में एक के बाद एक विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर के किसी भी प्रोजेक्ट को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास ले जाने के देरी है, वहां से परियोजना को मंजूरी साथ के साथ मिल रही है।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा गत देर सायं वार्ड 30 व वार्ड 29 में लगभग 73 लाख की लागत से बनने वाले नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास करने उपरांत बोल रहे थे। इससे पहले हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने वार्ड नं. 30 में रोटरी चौक से सिकरी चौक तक लगभग 36 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसके अलावा वार्ड नं. 29 में रोटरी चौक से लक्ष्मण चौक तक लगभग 37 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नाले के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि थानेसर हल्का के हर क्षेत्र के विकास एवं नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। इन नाला निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान होगा तथा लोगों को काफी राहत मिलेगी। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखा जाए अगर किसी स्तर पर भी कोई कमी पाई गई तो सरकार की तरफ से नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि शहर में विकास कार्यों के साथ साथ स्वच्छता पर भी विशेष फोकस रखा जा रहा है इस शहर में स्वच्छता के संसाधनों में सरकार की तरफ से कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस शहर को स्वच्छ बनाने के लिए हर व्यक्ति के सहयोग की जरूरत होगी। इस अवसर पर नरेंद्र चौहान, कवि बजाज एम.सी., सुधीर चुघ एम.सी., वेदपाल प्रजापत, सुभाष नरूला, हरीश अरोड़ा, मनोज गोयल, तिलकराज सहगल, मुखी, मोदी चाट, आनंद ग्रोवर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# क्यूबा के राजदूत ने किया सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल का दौरा

» परमिंदर सिंह



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 23 मई। सेंट पीटर कन्वेंट स्कूल कुरुक्षेत्र में एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्यूबा के राजदूत एवं प्रथम सचिव Prof. Maiky Diaz Perez ने विशेष रूप से भाग लिया। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी भी उपस्थित रहीं। विद्यालय पहुंचने पर अतिथियों का शानदार स्वागत स्कूल बैंड एवं स्काउट्स टीम द्वारा एस्कॉर्ट कर किया गया। विद्यार्थियों ने तालियों एवं उत्साह के साथ अतिथियों का अभिनंदन किया, जिससे पूरे विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का वातावरण बन गया। विद्यालय के संचालक विपिन शर्मा एवं रंजना शर्मा ने बुके भेंट कर अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके पश्चात विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, खेल गतिविधियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की गई। विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों को देखकर अतिथि अत्यंत प्रभावित हुए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने अपनी अद्भुत प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। छात्रा यशिता शर्मा ने आंखों पर पट्टी बांधकर पढ़ने की अनोखी प्रस्तुति दी। उनकी इस प्रतिभा को देखकर सभी उपस्थित लोग आश्चर्यचकित रह गए और तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। आराध्या सैनी ने अबेकस के माध्यम से तेज गति से कठिन गणनाएं कर अपनी विलक्षण क्षमता का प्रदर्शन किया। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं मेहनत की खुलकर सराहना की। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी अतिथियों का मन मोह लिया। बच्चों की अनुशासनप्रियता एवं आत्मविश्वास ने अतिथियों को विशेष रूप से प्रभावित किया।

चाय एवं स्वादिष्ट नाश्ते के बाद अतिथियों को विद्यालय का विस्तृत भ्रमण करवाया गया। इस दौरान उन्होंने स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, म्यूजिक रूम, एक्टिविटी रूम एवं खेल मैदान का अवलोकन किया। विद्यालय की स्वच्छता, आधुनिक सुविधाओं एवं सकारात्मक शिक्षण वातावरण को देखकर अतिथियों ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना की।

## फटाफट खबरें

### पुलिस चौकी के सामने युवक से बदमाशों ने नकदी और मोबाइल फोन लूटा

**लोनी, यूटर्न/ 23 मई।** पुश्ता पुलिस चौकी के सामने बाइक सवार बदमाशों ने युवक को चाकू दिखाकर नकदी और मोबाइल फोन छीन लिया। विरोध करने पर चाकू मारने की धमकी दी। युवक घर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। घटना को अंजाम देकर बदमाश भाग गए। मामले की शिकायत ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस से की गई है। बागपत की रशीद कॉलोनी निवासी इस्माइल 6 मई किसी काम से लोनी आए थे। काम खत्म करने के बाद वह घर के लिए निकले। दिल्ली-सहारनपुर मार्ग पर पुश्ता पुलिस चौकी से करीब डेढ़ सौ मीटर दूरी पर वह वाहन का इंतजार कर रहे थे। तभी एक बाइक उनके पास आकर रुकी। बाइक पर लड़के सवार थे। एक ने उन पर चाकू तान दिया, जबकि दो बदमाश उन्हें घेर कर खड़े हो गए। उन्होंने बताया कि बदमाशों ने उनसे मोबाइल फोन और जेब में रखे 700 रुपए छीन लिए। विरोध किए जाने पर बदमाशों ने चाकू मारने की धमकी दी। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश बाइक से भाग गए। उन्होंने अगले दिन घटना की सूचना ट्रॉनिका सिटी थाने पर दी। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों की तलाश की जा रही है।

### गली में खेल रहे दो साल के मासूम को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**लोनी, यूटर्न/ 23 मई।** अमित विहार कॉलोनी में तेज रफ्तार बाइक सवारों ने गली में खेल रही दो साल की मासूम को टक्कर मार दी। घटना के विरोध में आरोपी बाइक सवारों ने परिवार के लोगों के साथ भी मारपीट की। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की शिकायत लोनी बॉर्डर थाना पुलिस से की गई है। कॉलोनी में रहने वाले विनोद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह भाई महेश के साथ घर के बाहर बैठे थे। गली में छोटे भाई की दो वर्षीय पुत्री खेल रही थी। इस दौरान बाइक सवार तीन युवकों ने भतीजी को टक्कर मार दी। उनके द्वारा विरोध जताए जाने पर युवक माफी मांग कर चले गए। एक घंटे बाद बाइक सवार युवक शंकर, केशव, अशोक साथियों के साथ दोबारा घर पर पहुंचे। तीनों ने उनके साथ लाठी-डंडे से मारपीट की। शोर सुनकर भाई व उसकी पत्नी उन्हें बचाने पहुंचे और विरोध प्रकट किया। इस पर हमलावरों ने घुसकर भाई व उसकी पत्नी के साथ भी मारपीट की। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर तीन नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# दिल्ली हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

## निजी स्कूल सत्र शुरू होने से पहले बिना सरकारी मंजूरी बढ़ा सकते हैं फीस

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।**

दिल्ली हाईकोर्ट ने प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ोतरी को लेकर एक बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने कहा कि दिल्ली में बिना सरकारी मदद वाले प्राइवेट स्कूल नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में फीस बढ़ा सकते हैं। इसके लिए उन्हें शिक्षा निदेशालय (डीओई) की अनुमति लेने की जरूरत नहीं है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अगर स्कूल नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में फीस बढ़ाता है, तो उसे सिर्फ शिक्षा निदेशालय को सूचना देनी है, उन्हें अनुमति लेने की जरूरत नहीं होगी। हालांकि अगर स्कूल शैक्षणिक सत्र के बीच में फीस बढ़ाना चाहते हैं, तब शिक्षा निदेशालय की मंजूरी जरूरी होगी।

कोर्ट ने अभिभावकों को राहतदेते हुए यह भी कहा कि स्कूल पुराने सालों की बढ़ी हुई फीस का बकाया अब नहीं वसूल सकते।




यानी 2016-17 या पुराने सत्रों की बढ़ी फीस अब अभिभावकों से नहीं मांगी जा सकती। स्कूलों की आखिरी प्रस्तावित फीस वृद्धि अब अप्रैल 2027 से ही लागू होगी।

कोर्ट ने शिक्षा निदेशालय के उन सभी आदेशों को रद्द कर दिया, जिनमें शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में फीस बढ़ाने के प्रस्तावों को खारिज कर दिया गया था। कोर्ट ने निदेशालय के पास पेंडिंग फीस बढ़ाने के प्रस्तावों को भी बंद कर दिया। कोर्ट ने निदेशालय के उस अंतर को भी खारिज कर दिया जो 'लैंड क्लॉज' (जमीन से जुड़ी शर्त) के तहत आने वाले स्कूलों और ऐसे क्लॉज के तहत न आने वाले स्कूलों के बीच किया गया था।

कोर्ट ने कहा कि लैंड क्लॉज, जो आमतौर पर अलॉटमेंट लेटर में एक शर्त होती है, उसे एक्ट और नियमों के दायरे में ही काम करना चाहिए और वह निदेशालय की कानूनी शक्तियों को बढ़ा नहीं सकता। दिल्ली हाईकोर्ट ने यह आदेश कई प्राइवेट स्कूलों की अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिया। इन स्कूलों ने फीस बढ़ाने के प्रस्ताव को शिक्षा निदेशालय की ओर से नामंजूर किए जाने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। स्कूलों का कहना था कि शिक्षा निदेशालय बार-बार उनकी फीस बढ़ाने की मांग ठुकरा रहा था, जिससे स्कूलों की आर्थिक स्वतंत्रता प्रभावित हो रही है।

# हापुड़ चुंगी पर 120 करोड़ रुपये से बनेगा फ्लाईओवर

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 मई।** हापुड़ चुंगी पर लगने वाले जाम से लोगों को जल्द ही राहत मिलेगी। यहां बनने वाले फ्लाईओवर की डीपीआर को मंजूरी मिल गई है। फ्लाईओवर के निर्माण में जीडीए 120 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इसके लिए जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जानी है। एएलटी रोड पर इस फ्लाईओवर के बनने के बाद यह चौराहा सिग्नल फ्री होगा और लोग बिना रुके यहां से निकल सकेंगे।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंदकिशोर कलाल ने बताया कि इस महीने इस फ्लाईओवर के लिए टेंडर कर दिया जाएगा। फ्लाईओवर के निर्माण से लोगों को राहत होगी। डीपीआर शासन को भेजने के बाद बजट व अन्य प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। हापुड़ चुंगी शहर के व्यस्त चौराहे में से एक है। यहां से दिल्ली, हापुड़ जाने वाले ट्रैफिक के साथ इससे मेरठ रोड और एनएच-नौ के बीच भी ट्रैफिक चलता है। अभी यहां दफ्तर आने और जाने के समय पर जाम की स्थिति होती है।

# लोटस पॉन्ड वूल्वरिन्स ने विननोवा इलेवन को हराया

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 23 मई।** शिप्रा मॉल के मैदान में खेले जा रहे इंदिरापुरम प्रीमियर लीग के पहले मैच में लोटस पॉन्ड वूल्वरिन्स ने विननोवा इलेवन सनसिटी को 42 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लोटस पॉन्ड वूल्वरिन्स ने 15 ओवर में 127 रन बनाए। टीम की ओर से शौरी ने नाबाद 83 रन की पारी खेली। इसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल रहे। गगन ने 17 रनों का योगदान दिया। जवाब में विननोवा इलेवन सनसिटी की टीम 85 रन पर सिमट गई। प्रशांत जोशी ने 17 और सौरभ यशराज शुक्ला ने 12 रन बनाए। शौरी को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में शिप्रा सनसिटी टाइगर्स फेज-1 ने जीसी वॉरियर्स को 10 रन से मात दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 15 ओवर में 98 रन बनाए। अनंत शर्मा ने 40 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि आदित्य ने 28 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीसी वॉरियर्स की टीम 13 ओवर में 88 रन पर ऑलआउट हो गई।

# मेनहोल किनारे धंस रही सड़क, सता रहा हादसे का डर

**वैशाली, यूटर्न/ 23 मई।** वैशाली के कई सेक्टरों में सीवर के मेनहोल किनारे सड़क धंस रही है। इससे मेनहोल के ढक्कन के नीचे का सरिया तक दिखने लगा है, कभी भी यहां बड़ा हादसा हो सकता है। परेशान लोगों ने मामले की शिकायत स्थानीय आरडब्ल्यूए और नगर निगम अधिकारियों से की है, ताकि जल्द सुधार हो सके। क्षेत्र में कई जगह तो सीवर किनारे की सड़क धंसी हुई है तो कई जगह ढक्कन टूटे हुए हैं। ऐसे में वाहन चालकों के साथ ही पैदल यात्रियों के भी चोटिल होने का खतरा बना हुआ है।

# आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार में डूबी है, हरभजन सिंह को गद्दार कहना मानसिक दिवालियापनः तरुण चुघ

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) पर टिकट बेचने को लेकर लगाए गए आरोपों पर जुबानी हमला किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के कई नेताओं ने आप के शीर्ष नेतृत्व पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं; इससे यह साफ होता है कि पूरी पार्टी भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत में तरुण चुघ ने कहा कि देश के लिए खेलने वाले और देश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ी को गद्दार कहना आम आदमी पार्टी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के कई सांसदों ने पार्टी नेतृत्व पर भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप देने के आरोप लगाए हैं, जिससे यह साफ हो जाता है कि पूरी पार्टी भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी में मंत्री पद और अन्य राजनीतिक पद पैसे के लेनदेन के जरिए दिए जा रहे हैं। चुघ ने आरोप लगाया कि पार्टी की शुरूआत भले ही 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' आंदोलन से हुई थी, लेकिन आज उसके साथ जुड़े अधिकांश लोग पार्टी छोड़ चुके हैं क्योंकि उसका भ्रष्टाचारी और राष्ट्रविरोधी चेहरा सामने आ चुका है। भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान पर कई नेताओं ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अदालत ने एक मामले में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मनी ट्रेल को लेकर गंभीर टिप्पणियां की थीं।



# ट्रांसपोर्ट हड़ताल का असरः मंडियों में घटी सब्जियों-फलों की आवक, दूसरे राज्यों से आपूर्ति प्रभावित, दाम बढ़े

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।**

राजधानी की प्रमुख मंडियों-आजादपुर, गाजीपुर और ओखला में ट्रांसपोर्ट हड़ताल का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। अखिल भारतीय मोटर परिवहन कांग्रेस के आ'न पर करीब 68 परिवहन संगठनों ने व्यावसायिक वाहनों पर ग्रीन टैक्स यानी पर्यावरण मुआवजा शुल्क में बढ़ोतरी के विरोध में 21 से 23 मई तक चक्का जाम का एलान किया है। इसके चलते दूसरे राज्यों और विदेशों से आने वाली सब्जियों और फलों की आपूर्ति प्रभावित हो गई है।

आजादपुर मंडी के व्यापारी जय किशन ने बताया कि हड़ताल के कारण बड़े मालवाहक वाहन दिल्ली की मंडियों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे हिमाचल प्रदेश से आने वाली फूलगोभी, बंगलूरू की विभिन्न सब्जियां, कुंडली क्षेत्र की अरबी और दक्षिण अफ्रीका से आयातित होने वाले सेब की आवक में भारी गिरावट दर्ज की गई है। कई ट्रक रास्तों में फंसे हुए हैं जिससे व्यापारियों के साथ ही ग्राहकों की चिंता भी बढ़ गई है।



आजादपुर मंडी के ही अन्य व्यापारी संजय आनंद के अनुसार, सामान्य दिनों में मंडियों में प्रतिदिन हजारों टन फल और सब्जियां पहुंचती हैं, लेकिन परिवहन व्यवस्था बाधित होने से बाजार में माल की उपलब्धता कम हो गई है।

इसका सीधा असर कीमतों पर दिखाई देने लगा है। थोक बाजार में आपूर्ति घटने से खुदरा बाजार में भी सब्जियों और फलों के दाम बढ़ने लगे हैं। परिवहन संगठनों की मुख्य नाराजगी : अप्रैल से लागू नई ग्रीन टैक्स व्यवस्था को लेकर है। दिल्ली में प्रवेश करने वाले हल्के व्यावसायिक वाहनों और दो एक्सल वाले ट्रकों पर शुल्क 1,400 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रति चक्कर कर दिया गया है। वहीं तीन और चार एक्सल वाले बड़े ट्रकों के लिए यह शुल्क 2,600 रुपये से बढ़ाकर 4,000 रुपये प्रति चक्कर कर दिया गया है। इसके अलावा हर वर्ष इन दरों में 5 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रावधान भी रखा गया है।


# सराय काले खां नमो भारत स्टेशन पर खुलेंगे कैफे और रिटेल आउटलेट

## स्टेशन पर मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने सराय काले खां नमो भारत स्टेशन पर कॉमर्शियल स्पेस के लाइसेंस के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं। इसका उद्देश्य यात्रियों को स्टेशन परिसर में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और स्टेशन क्षेत्र को आधुनिक शहरी ट्रांजिट हब के रूप में विकसित करना है। एनसीआरटीसी के अनुसार, स्टेशन के ग्राउंड फ्लोर पर करीब 818 वर्गमीटर क्षेत्र को ई-टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से लाइसेंस दिया जाएगा। इच्छुक कंपनियां और कारोबारी 17 जून तक आवेदन कर सकेंगे। उपलब्ध स्पेस में कुल आठ यूनिट शामिल हैं, जिनका आकार 17 वर्गमीटर से लेकर 247 वर्गमीटर तक है। लाइसेंस अवधि 9 से 15 वर्ष तक निर्धारित की गई है। इन स्थानों का उपयोग कैफे, फूड एंड बेवरेज आउटलेट, कन्वीनियंस स्टोर, सर्विस सेंटर, पॉड सेवाएं और अन्य रिटेल गतिविधियों के लिए किया जा सकेगा। एनसीआरटीसी का कहना है कि इससे यात्रियों को स्टेशन परिसर में ही जरूरी सुविधाएं मिल सकेंगी और यात्रा अधिक सुविधाजनक बनेगी। 82 किलोमीटर लंबा दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर देश का



पहला रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) प्रोजेक्ट है। सराय काले खां स्टेशन इस कॉरिडोर का प्रमुख मल्टी-मॉडल ट्रांजिट हब बनकर उभर रहा है। यह स्टेशन हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, वीर हकीकत राय आईएसबीटी, दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन और रिंग रोड से सीधे जुड़ा है।

हाल ही में एनसीआरटीसी ने सराय काले खां स्टेशन और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के बीच 280 मीटर लंबा कवर फुटओवर ब्रिज भी शुरू किया है। निगम का मानना है कि बेहतर कनेक्टिविटी और संभावित भारी यात्री संख्या के कारण यह क्षेत्र ट्रांजिट आधारित व्यावसायिक विकास के लिए उपयुक्त साबित होगा।

# सोशल मीडिया के जरिए शेयरों में हेरफेर कर 20 करोड़ रुपए कमाने के आरोप में 7 सदस्यीय परिवार पर सेबी की जांच

» **मुंबई, यूटर्न/ 23 मई।**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक ही परिवार के सात लोगों पर आरोप लगाया है कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर छोटे निवेशकों को प्रभावित किया और सार्वजनिक रूप से शेयरों की सिफारिश करने से पहले खरीदारी करके अवैध मुनाफा कमाया।

सेबी के अंतरिम प्रवर्तन आदेश में कहा गया है कि परिवार के सात सदस्य टेलीग्राम, व्हाट्सएप और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए शेयर बाजार से जुड़े टिप्स फैलाकर शेयरों में हेरफेर कर रहे थे।

आरोप है कि ये लोग एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध शेयरों में पहले ही खरीदारी कर लेते थे और बाद में उन शेयरों की सिफारिश सोशल मीडिया पर बड़े स्तर पर साझा करते थे। सेबी के अनुसार, इन लोगों ने शुरूआती तौर पर करीब 20.25 करोड़ रुपए का गलत तरीके से मुनाफा कमाया।



सेबी के आदेश में कहा गया, 'इन व्यक्तियों ने पहली नजर में धोखाधड़ी, बाजार में हेरफेर और अनुचित व्यापारिक गतिविधियों में शामिल होकर काम किया। उन्होंने शेयरों की कीमत कृत्रिम रूप से बढ़ाने के इरादे से सिफारिशें जारी कीं और जांच अवधि के दौरान कुल 82 शेयरों में मुनाफा कमाया।'

सेबी को खासतौर पर कम लिक्विडिटी वाले शेयरों में प्रमोशनल पोस्ट से जुड़े संदिग्ध ट्रेडिंग पैटर्न मिले।

बाजार नियामक ने अदालत की अनुमति मिलने के बाद 21 जनवरी से 24 जनवरी 2026 के बीच तलाशी और जब्ती अभियान चलाया। इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए और आरोपियों के बयान शपथ के तहत दर्ज किए गए।

सेबी ने 1 दिसंबर 2023 से 20 जनवरी 2026 तक की अवधि की जांच की। जांच में पाया गया कि सातों लोगों का कुल ग्रॉस ट्रेड वैल्यू पहले 548.62 करोड़ रुपए था, जो जांच अवधि में बढ़कर 1,023.40 करोड़ रुपए हो गया, जो कि करीब 86 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

नियामक ने यह भी दावा किया कि इन लोगों का कुल स्क्वायर-ऑफ मुनाफा 17.06 करोड़ रुपए से बढ़कर 58.40 करोड़ रुपए हो गया, यानी इसमें 242 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

सेबी ने रोहन गुप्ता और शेरोन गुप्ता को सबसे बड़े लाभार्थियों में शामिल बताया है। दोनों ने मिलकर कथित तौर पर करीब 50 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया।

जांच के दौरान ऐसे सबूत भी मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि आरोपियों को इस बात की जानकारी थी कि सेबी छोटे स्तर के ऑपरेटरों पर भी सख्त कार्रवाई कर रहा है और उन्हें इस बात की आशंका थी कि वे भी सेबी की पकड़ में आ सकते हैं।

## फटाफट खबरें

### सेबी ने कर्मचारियों को हफ्ते में एक दिन घर से काम की दी सलाह

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बचत की अपील के बाद बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ऊर्जा संरक्षण और मौजूदा भू-राजनीतिक हालात के मद्देनजर बड़ा कदम उठाया है। सेबी ने अपने कर्मचारियों को अगले आठ हफ्तों के लिए हफ्ते में एक दिन घर से काम करने की सलाह दी है। यह कदम 25 मई से प्रभावी होगा। सेबी ने अपनी प्रशासनिक सलाह में कहा है कि ग्रेड ए से सी तक के अधिकारियों को रोटेशन के आधार पर यह सुविधा मिलेगी, जबकि ग्रेड डी और उससे ऊपर के अधिकारी, चेयरमैन/पूर्णकालिक सदस्यों के कार्यालयों में तैनात कर्मचारी तथा सेक्रेटेरियल कैडर के सभी कर्मचारी नियमित रूप से कार्यालय आएंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी समय ग्रेड ए से सी तक के कम से कम 50 प्रतिशत अधिकारी कार्यालय में मौजूद रहें। ऊर्जा बचाने के अन्य उपायों के तहत, सेबी ने विभागों को अगले आठ हफ्तों के लिए सम्मेलनों और विचार-मंथन कार्यक्रमों को टालने तथा गैर-जरूरी यात्रा से बचने का निर्देश दिया है।

### टीवीएस का आईक्यूब स्कूटर तेजी से हो रहा लोकप्रिय

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।** भारत में बढती पेट्रोल की कीमतों के बीच इलेक्ट्रिक स्कूटर एक किफायती विकल्प के रूप में तेजी से लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं। कम खर्च, आसान रखरखाव और बेहतर तकनीक के कारण अब बड़ी संख्या में उपभोक्ता पेट्रोल स्कूटर छोड़कर इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुख कर रहे हैं। भारतीय बाजार में कई ऐसे इलेक्ट्रिक स्कूटर उपलब्ध हैं जो एक बार चार्ज होने पर 100 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने में सक्षम हैं। टीवीएस का आईक्यूब स्कूटर इस समय ग्राहकों के बीच काफी लोकप्रिय है, जिसमें 2.2 किलोवाट बैटरी दी गई है जो लगभग 94 किलोमीटर की रेंज देती है। इसकी अधिकतम गति 75 किलोमीटर प्रति घंटा बताई जा रही है। एथर कंपनी का रिज्टा मॉडल परिवारों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसकी चौड़ी सीट और बेहतर स्टोरेज क्षमता इसे खास बनाती है। यह स्कूटर एक बार चार्ज होने पर लगभग 123 किलोमीटर तक चल सकता है।

## जेएसडब्ल्यू चेरी आईकार वी23 एसयूवी जल्द होगी लांच

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।** बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग के बीच जेएसडब्ल्यू मोटर्स अपनी नई एसयूवी को लॉन्च करने की तैयारी में जुट गई है। कंपनी जल्द ही जेएसडब्ल्यू चेरी आईकार वी23 को भारतीय बाजार में पेश कर सकती है। लॉन्च से पहले इस इलेक्ट्रिक एसयूवी की टेस्टिंग लगातार जारी है और हाल ही में इसे एक बार फिर परीक्षण के दौरान देखा गया है। हालांकि वाहन को पूरी तरह से ढंका गया था, लेकिन इसके डिजाइन और संभावित फीचर्स को लेकर कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार नई एसयूवी को बॉक्सी और मजबूत डिजाइन के साथ तैयार किया जा रहा है। इसका लुक काफी हद तक मर्सिडीज जी क्लास और टोयोटा एफजे क्रूजर जैसी प्रीमियम ऑफ-रोड एसयूवी से प्रेरित बताया जा रहा है। वाहन में बड़ी खिड़कियां दी जा सकती हैं, जिससे ड्राइविंग के दौरान बेहतर विजिबिलिटी मिलने की संभावना है।

# सुजलॉन एनर्जी को मिला एक और बड़ा ऑर्डर, रॉकेट बनेगा कंपनी का शेयर

» **मुंबई, यूटर्न/ 23 मई।**

विंड एनर्जी बनाने वाली भारत की प्रमुख कंपनी सुजलॉन एनर्जी को सनश्योर एनर्जी से 195 मेगावाट का एक नया और महत्वपूर्ण ऑर्डर मिला है। यह एक 'रिपीट ऑर्डर' है, जो सुजलॉन के पिछले काम से सनश्योर एनर्जी की संतुष्टि को दिखाता है। इस नए ऑर्डर के साथ, सुजलॉन के खास 3 मेगावाट प्लेटफॉर्म वाले विंड टर्बाइनों की कुल बिक्री अब करीब 9 गीगावाट (गीगावाट) तक पहुंच गई है, जो कंपनी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह प्रोजेक्ट



कर्नाटक के बीजापुर जिले में स्थापित होगा, जहां सुजलॉन हवा से बिजली बनाने वाले 65 अत्याधुनिक टर्बाइन लगाएगी, जिसमें से प्रत्येक की क्षमता 3 मेगावाट है। कंपनी इन मशीनों की आपूर्ति के साथ-साथ उनके इंस्टॉलेशन, कमीशनिंग और उसके बाद के ऑपरेशन व मेंटेनेंस (ओक्यूएम) का पूरा जिम्मा भी संभालेगी। इस ऑर्डर के जुड़ने से अब कर्नाटक में सुजलॉन के पास कुल मिलाकर 2 गीगावाट से भी ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का काम आ चुका है, जो इस दक्षिणी राज्य में उसकी मजबूत उपस्थिति को दर्शाता है। इस डील से सुजलॉन और सनश्योर एनर्जी के बीच की साझेदारी अब लगभग 300 मेगावाट तक पहुंच गई है, दोनों कंपनियां महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों में स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन में सक्रिय हैं।

# दिल्ली में सीएनजी की कीमतों में हुई 1 रुपए की बढ़ोतरी, 81 रुपए प्रति किलो के पार पहुंचा रेट

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।**

दिल्ली-एनसीआर समेत देश के प्रमुख शहरों में गाड़ी चलाना अब और महंगा हो गया है। सरकारी तेल कंपनियों ने कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) की कीमतों में एक बार फिर 1 रुपये प्रति किलो का इजाफा कर दिया है। यह पिछले 10 दिनों के भीतर आम जनता को लगा तीसरा बड़ा झटका है, जिससे राजधानी दिल्ली में सीएनजी 81.09 रुपये प्रति किलो और नोएडा-गाजियाबाद में 89.70 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई है। वहीं नोएडा और गाजियाबाद में अब इसके लिए लोगों को 89.70 रुपये प्रति किलो चुकाने होंगे। गुरुग्राम में सीएनजी अब 86.12 रुपये प्रति किलो मिल रही है, जबकि ग्रेटर नोएडा में यह दर 89.70 रुपये और अजमेर में 90.44 रुपये प्रति किलो हो गई है। यह इजाफा ऐसे समय में हुआ है जब तेल कंपनियों ने इससे पहले 15 मई को 2 रुपये और 18 मई को 1 रुपये की बढ़ोतरी की थी, जिससे यह महज 10 दिनों के भीतर आम जनता को लगा तीसरा झटका है। इस मूल्य वृद्धि का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में जारी संकट और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार बढ़ती ऊर्जा लागत है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद होने से वैश्विक ईंधन आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है, क्योंकि दुनिया का एक-तिहाई तेल इसी मार्ग से गुजरता है। इंडियन



ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी सरकारी तेल कंपनियों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार से महंगा कच्चा तेल खरीदने के कारण प्रतिदिन 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा था, जिससे घरेलू स्तर पर पुरानी कीमतों को बनाए रखना उनके लिए असंभव हो गया था। सरकार महंगाई को नियंत्रण में रखने के लिए फिलहाल बड़े हस्तक्षेप से बच रही है। सीएनजी के महंगे होने का सीधा असर सार्वजनिक परिवहन पर पड़ेगा, क्योंकि ऑटो, कैब और बसों का एक बड़ा हिस्सा इसी ईंधन पर चलता है। इससे ट्रांसपोर्टर्स द्वारा यात्रियों पर बढ़े हुए खर्च का बोझ डाले जाने की संभावना है, जिससे सफर महंगा होगा और खुदरा महंगाई पर भी दबाव बढ़ेगा। ईंधन संकट को देखते हुए, पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से पेट्रोल-डीजल की बचत करने और संभव हो तो वर्क फ्रॉम होम अपनाने की अपील की थी, ताकि देश में कच्चे तेल की खपत कम हो और विदेशी मुद्रा बचाई जा सके।

# कच्चे कपास पर 11 फीसदी आयात शुल्क हटाएगी सरकार टेक्सटाइल सेक्टर को मिलेगी राहत

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।** कच्चे कपास की सभी किस्मों पर लागू 11 प्रतिशत आयात शुल्क को अस्थायी रूप से हटाने की तैयारियां जोर पकड़ रही हैं। सूत्रों के अनुसार सरकार 1 जुलाई से 31 अक्टूबर 2026 तक चार महीने की अवधि के लिए यह शुल्क हटाने पर विचार कर रही है, जिसका उद्देश्य वस्त्र उद्योग को तत्काल राहत प्रदान करना है। हालांकि, इस कदम के संभावित प्रभावों को लेकर सरकारी मंत्रालयों और हितधारकों के बीच मंथन जारी है, जहाँ टेक्सटाइल क्षेत्र राहत की उम्मीद कर रहा है, वहीं किसानों के हितों की रक्षा को लेकर चिंताएं भी उठाई जा रही हैं। वस्त्र उद्योग लंबे समय से इस शुल्क को हटाने की वकालत कर रहा है। उनका कहना है कि घरेलू कपास की कम पैदावार और पश्चिम एशिया संकट के कारण बढ़ी कीमतों के मद्देनजर यह कदम क्षेत्र को तत्काल राहत देगा और वैश्विक बाजारों में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाएगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय जैसे नेताओं ने भी नौकरियों के नुकसान और घरेलू उद्योग की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री से इसे रद्द करने का आग्रह किया है। उद्योग का मानना है कि मौजूदा शुल्क उत्पादन लागत बढ़ाता है और सिंथेटिक फाइबर की ओर अनावश्यक झुकाव पैदा करता है, क्योंकि उस पर शुल्क छूट मिलती है। वहीं सरकार के कुछ अधिकारियों और कपास व्यापार से जुड़े वर्गों का तर्क है कि सीमित समय के लिए शुल्क हटाने से किसानों पर कोई बड़ा नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। उनका यह भी कहना है कि निर्यातक एडवांस लाइसेंस स्कीम के तहत शून्य शुल्क पर आयात कर सकते हैं, इसलिए निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता बाधित होने का तर्क निराधार है।

# आरबीआई ने सरकार को 2.87 लाख करोड़ का रिकॉर्ड अधिशेष हस्तांतरित किया

## यह पिछले साल के लाभांश से 7 फीसदी अधिक

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्र सरकार को 2.87 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड अधिशेष हस्तांतरित करने का फैसला किया है। यह राशि पिछले साल के 2.69 लाख करोड़ रुपए के लाभांश से लगभग 7 प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय बैंक ने हालांकि आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) को बैलेंस शीट के 7.5 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत तक करने का



निर्णय लिया है, पर उच्च जोखिम प्रावधानों के कारण अर्थशास्त्रियों ने इस हस्तांतरण को बाजार की उम्मीदों से थोड़ा कम बताया है। आरबीआई के सेंट्रल बोर्ड ने अपनी 623वीं बैठक में यह निर्णय लिया। इस रिकॉर्ड हस्तांतरण का एक प्रमुख कारण विदेशी मुद्रा भंडार की बिक्री से आरबीआई की आय में वृद्धि है। वित्त वर्ष 2026 में आरबीआई की बैलेंस शीट 20.61 प्रतिशत बढ़कर 91.97 लाख करोड़ रुपए हो गई, जिससे सकल आय में 26.42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। केंद्रीय बोर्ड ने वित्त वर्ष 2026 के लिए सीआरबी में 1.09 लाख करोड़ रुपए का बड़ा हस्तांतरण करने का भी निर्णय लिया, जो पिछले वित्त वर्ष के 44,861.70 करोड़ रुपए से काफी अधिक है। संशोधित आर्थिक पूंजी ढांचा (ईसीएफ) सीआरबी को बैलेंस शीट के 4.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत के बीच बनाए रखने का लचीलापन प्रदान करता है।

## आज का सुविचार

सपनों को पाने की चाहत, मेहनत को अपना साथी बना लेती है

# सुसाइड नोट में तीन युवकों का जिक्र कर युवती निगली सल्फास की टेबलेट

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 मई।

विजयनगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली युवती ने बृहस्पतिवार की देर रात सुसाइड नोट लिखकर सल्फास की टेबलेट निगल ली। हालत बिगड़ने पर युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते दिल्ली स्थित जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान युवती की शुक्रवार शाम मौत हो गई। मां ने युवती के बैग से बरामद सल्फास का खाली पैकेट और सुसाइड नोट विजयनगर पुलिस को सौंप दिया है। मृतका की मां की तहरीर पर तीनों युवकों के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने का मामला दर्ज कर लिया गया है।

एसीपी नगर कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि प्रताप विहार में रहने वाली युवती को बृहस्पतिवार की देर रात उल्टियां और पेट में दर्द हुआ। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से जीटीबी अस्पताल दिल्ली रेफर कर दिया गया। बताया कि उपचार के दौरान युवती की शुक्रवार को मौत हो गई। शव का मेडिकल परीक्षण कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। बताया कि पुलिस को युवती के बैग से एक सुसाइड नोट और सल्फास का खाली पैकेट बरामद हुआ है। एक पेज के सुसाइड नोट में उसने सुभाष नाम के युवक से प्यार का



इजहार किया है। उसे अच्छा इंसान बताया लेकिन उसके साथ हुई घटना के बाद वह उसे दुख नहीं पहुंचाना चाहती थी। सुसाइड नोट में दो अन्य युवकों के नाम भी उजागर किए हैं। बताया कि दीपांशु ने उसके साथ कुछ नहीं किया, जबकि पंकज ने सबकुछ किया है। उसके बाद अब ये बीमारी उसका पीछा नहीं छोड़ रही। ऐसे में वह सुभाष को दुख नहीं पहुंचाना चाहती। पीड़ा बयां की कि उसकी मजबूरी को किसी ने नहीं समझा, शायद मौत के बाद समझ में आ जाए। एसीपी ने बताया कि युवती की मां की तहरीर पर पंकज, सुभाष और दीपांशु नाम के युवकों के खिलाफ विजयनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सुसाइड नोट में लगाए गए आरोप स्पष्ट नहीं हैं। ऐसे में युवकों से पूछताछ कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# राज्य स्तरीय बैडमिंटन खिलाड़ी को अगवा कर 3 दिन तक पीटने से मौत, प्रेम-प्रसंग का मामला

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 23 मई।

राज्य स्तरीय बैडमिंटन खिलाड़ी भिवाड़ी के सैदपुर गांव निवासी 21 वर्षीय मोनू की पीट-पीटकर हत्या का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि प्रेम-प्रसंग में उसकी हत्या की गई है। मोनू का अपहरण कर तीन दिन तक बंधक बनाकर बेरहमी से मारपीट की गई। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मोनू घायल अवस्था में लड़की के घर के बाहर मिला था। चाचा नरेंद्र के अनुसार, मोनू ने इस बार 12वीं की परीक्षा दी थी। उसने करीब 70 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। वह स्कूल की ओर



से स्टेट लेवल बैडमिंटन चैंपियनशिप में हिस्सा ले चुका था। जिला स्तर पर कई मेडल जीत चुका था। उसके पिता भीम सिंह चालक हैं और परिवार में दो भाई हैं। उन्होंने बताया कि तिगांव क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति की नाबालिग बेटी का अपने मामा के यहां सैदपुर आना-जाना था। इसी दौरान उसकी दोस्ती मोनू से हुई।

पुलिस के अनुसार, मोनू अप्रैल में लड़की को अपने साथ ले गया था। लड़की के पिता ने तिगांव थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने लड़की को तलाश कर परिवार को सौंप दिया। मोनू तब से फरार चल रहा था।

**पुलिस जांच में शामिल होने की बात कहकर निकला था**

परिजनों का आरोप है कि 17 मई को मोनू यह कहकर घर से निकला था कि वह पुलिस जांच में शामिल होने जा रहा है लेकिन रास्ते में लड़की के परिवार के लोगों ने उसका अपहरण कर लिया। आरोप है कि तीन दिन तक उसके साथ लगातार मारपीट की गई।

यातनाएं दी गईं। चाचा नरेंद्र के मुताबिक, 20 मई को पुलिस का फोन आया कि मोनू घायल अवस्था में लड़की के घर के बाहर मिला है। इसके बाद परिवार उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर अपहरण सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दो आरोपियों से पूछताछ की गई है।

## प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्टरी में भीषण आग

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 23 मई।** द्वारका एक्सप्रेस-वे के पास सेक्टर-112 स्थित प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्टरी में शुक्रवार सुबह आग लग गई। प्लास्टिक सामान होने के चलते आग तेजी से पूरे फैक्टरी परिसर में फैल गई। आग लगने के बाद फैक्टरी परिसर में लोग बाहर भाग निकले। दमकल विभाग की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई। समय रहते सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। सुबह लगभग 8 बजे आग लगने की घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की चार गाड़ियां तुरंत मौके के लिए रवाना हुईं। मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण फायर टेंडर को घटना स्थल तक पहुंचने में काफी समय लगा। दमकल कर्मियों ने वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल कर मौके पर पहुंचे। फैक्टरी के अंदर भारी मात्रा में प्लास्टिक का कच्चा माल और बना हुआ माल रखा होने के चलते आग भड़क गई। दमकल कर्मियों ने 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्टरी के अंदर रखी मशीनें और भारी मात्रा में तैयार व कच्चा माल जलकर खाक हो गया, जिससे बड़े आर्थिक नुकसान की आशंका जताई जा रही है। फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट और स्थानीय पुलिस के अनुसार आग लगने के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। फिलहाल शॉर्ट सर्किट को ही आग का कारण माना जा रहा है।

## महापौर ने बिल्डर भवन निर्माण पर दिए जांच के निर्देश

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 मई।** पसौंडा में झील की जमीन पर बन रही बहुमंजिला इमारत की शिकायत महापौर सुनीता दयाल ने जिला प्रशासन से की है। साथ ही निगम के अधिकारियों को इस मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि उक्त लोगों ने जीडीए में गलत दस्तावेज दाखिल कर नक्शा तो पास नहीं करा लिया है। महापौर ने बताया कि शालीमार गार्डन क्षेत्र के पसौंडा में दो खसरा नंबर की जमीन झील में दर्ज हैं। यह संपत्ति नगर निगम की है, लेकिन बिल्डरों ने इस पर भवन बना लिए। महापौर ने आरोप लगाया कि बहु मंजिला भवन को इतनी तेजी से निर्माण कराया गया कि किसी को पता ही नहीं चला। बिल्डरों की योजना है कि वह फ्लैट बनाकर बेचें, लेकिन जैसे की पता चला तो इसकी जांच के निर्देश दिए हैं। लोगों से भी अपील है कि वह बहकावे में आकर फ्लैट न खरीदें। इसमें तहसील से भी लिखित में रिपोर्ट आ चुकी है। किसी भी कीमत पर सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा नहीं करने दिया जाएगा।

## हम-तुम रोड पर बिन बारिश के भरा पानी

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 23 मई।** हम-तुम रोड का निर्माण कार्य अधिकारियों के आश्वासन के बाद मई में भी शुरू नहीं हो पाया और अब बिन बरसात यहां पानी भरने से एक नई मुसीबत बन गई है। इससे निवासी और राहगीर परेशान हैं। पैदल और दुपहिया वाहन चालकों को जहां बेहद परेशानी हो रही है, वहीं लोगों की गाड़ियां पानी भरे गड्ढों में गिरकर खराब हो रही हैं। शिकायत के बाद भी इन मुद्दों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम का मिजाज

लू के अलर्ट के बीच पड़ी बारिश की बौछारें

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 23 मई।

दिल्ली एनसीआर में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। दिल्ली, गुरुग्राम समेत एनसीआर के कई इलाकों में तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी हो रही है। मौसम विभाग ने कई जगहों पर धूल भरी आंधी के साथ-साथ गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और बिजली गिरने की संभावना जताई थी। हवाओं की गति 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में इस मौसमी बदलाव का असर देखने को मिलेगा। इनमें हरियाणा के सोनीपत, खरखोदा, चरखी दादरी, मातनहेल, झज्जर, फरुखनगर, कोसली, सोहाना, रेवाड़ी, पलवल, नूंह, औरंगाबाद और राजस्थान का भिवाड़ी शामिल है। इन क्षेत्रों में धूल भरी आंधी के साथ गरज-चमक और हल्की बारिश की संभावना है। वहीं, गुरुग्राम में मौसम ने करवट ली, तेज हवा और बूंदाबांदी हो रही है। गुरुग्राम में लोगों को तेज धूप से राहत मिली। तेज हवाओं की रफ्तार 70-80 किमी प्रति घंटा तक चलने की संभावना है।

**छह दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट किया था जारी**

वहीं, पिछले कई दिनों से दिल्ली और एनसीआर के कई हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में दिखे। राजधानी में अधिकतम तापमान



**बताया इस दौरान लू चलेगी और तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वहीं दिन के साथ रात की गर्मी भी लोगों की परेशानी बढ़ाएगी।**

43-44 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। कल मौसम विभाग ने अगले छह दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया। बताया इस दौरान लू चलेगी और तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वहीं दिन के साथ रात की गर्मी भी लोगों की परेशानी बढ़ाएगी। न्यूनतम तापमान 29 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान जताया।

शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 43.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि महसूस होने वाला तापमान 45 डिग्री से अधिक रहा। राजधानी का रिज क्षेत्र सबसे गर्म इलाका रहा, जहां अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री और न्यूनतम 28.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं मुंगेशपुर में अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री और आयानगर में 43.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी भर्ती के लिए साक्षात्कार 29 मई को

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 23 मई।** एनआईटी-3 स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में डॉक्टरों और फैकल्टी की कमी को दूर करने के लिए 29 मई को वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया के तहत प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के पद कॉन्ट्रेक्ट आधार पर भरे जाएंगे। अस्पताल प्रशासन का दावा है कि नई नियुक्तियों से न केवल चिकित्सा सेवाएं मजबूत होंगी, बल्कि मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों की बेहतर और समय पर सुविधा भी मिल सकेगी।

भर्ती के तहत मेडिसिन, एनेस्थीसिया, ऑर्थोपेडिक्स, सर्जरी, रेडियोलॉजी, डमेटोलॉजी, आईसीयू, स्त्री एवं प्रसूति रोग, माइक्रोबायोलॉजी, कम्युनिटी मेडिसिन, पैथोलॉजी, फामाकोलॉजी और इमरजेंसी मेडिसिन सहित कई विभागों में कुल 48 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इनमें प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के पद शामिल हैं। चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति शुरूआत में एक वर्ष के लिए होगी, जिसे कार्य प्रदर्शन और अनुमति के आधार पर तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा।

### अरावली वन क्षेत्र में कचरे में लगाई आग, फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 23 मई।** अरावली वन क्षेत्र में कचरा फेंकने और उसमें आग लगाने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। शुक्रवार को डिलाइट फारएवर के नजदीक वन क्षेत्र में पड़े कचरे में आग लगा दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर कर्मियों ने करीब 25 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

स्थानीय लोगों और शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि आसपास के फार्म हाउस, मैरिज गार्डन, होटल और कंपनियां बड़ी मात्रा में कचरा जंगल में फेंक रही हैं। इसके अलावा रिहायशी इलाकों के लोग भी वन क्षेत्र को कूड़ाघर की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। अरावली क्षेत्र में जगह-जगह कचरे के बड़े ढेर लगे हुए हैं, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। लोगों का कहना है कि पिछले एक महीने में कचरे में आग लगने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वन क्षेत्र में बड़ी संख्या में सूखे पेड़ मौजूद हैं, जिससे आग तेजी से फैल सकती है। स्थानीय निवासियों ने आशंका जताई कि यदि आग जंगल के अंदर तक पहुंच जाए तो उस पर काबू पाना मुश्किल हो सकता है। भीषण गर्मी और आग का असर वन्यजीवों पर भी पड़ने की चिंता जताई गई है। लोगों ने वन विभाग और प्रशासन से नियमित निगरानी, कचरा फेंकने वालों की पहचान और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### राख पैकिंग कंपनी के गोदाम में सो रहे ठेकेदार की सिर में गोली मारकर हत्या

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 23 मई।** डबुआ थाना क्षेत्र के गाजीपुर इलाके में राख पैकिंग कंपनी के गोदाम के अंदर सो रहे ठेकेदार की अज्ञात हमलावर ने सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान योगेश कुमार (31) के रूप में हुई है, जो मूलरूप से बिहार का रहने वाला था और गोदाम में ठेकेदारी का काम संभालता था। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ईएसआईसी अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है और मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।




मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित 2026 मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के मिक्स्ड डबल्स क्वार्टर फाइनल मुकाबले में खेलतीं अमेरिका की प्रेस्ली स्मिथ और जेनी गाई।

# टी20 महिला विश्व कप में जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम : मंधाना

» **बेंगलुरु, यूटर्न/ 23 मई।**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप की तैयारियां में लगी है। भारतीय टीम का लक्ष्य एकदिवसीय के बाद टी20 खिताब भी अपने नाम करना है और टीम इसको लेकर प्रयास भी कर रही है। टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने का कहना है कि टीम टूनार्मेंट के लिए पूरी तरह से तैयार है। उसका मनोबल बढ़ा हुआ है और वह जीत हासिल करने में कोई कसर नहीं रखेगी। यह टूनार्मेंट 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 14 जून को परंपरागत प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मैच से करेगी।

मंधाना टीम की तैयारियों से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, हमारा अभ्यास शिविर बहुत अच्छा रहा। मैं अभी इस बारे में इतना ही बताना चाहती हूं। साथ ही कहा कि सभी खिलाड़ी अच्छी स्थिति में दिख रही हैं। उन्होंने बहुत अच्छी तरह से अभ्यास किया है और सभी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। टीम में एक सकारात्मक ऊर्जा है और हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक है।

भारतीय टीम ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में एक गहन अभ्यास शिविर में हिस्सा लिया। इस शिविर का उद्देश्य खिलाड़ियों को आगामी चुनौतियों के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना था, जिसमें फिटनेस, फील्डिंग और विभिन्न मैच परिदृश्यों पर काम किया गया। टीम 22 मई को मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की महत्वपूर्ण टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलने के लिए रवाना होगी। इससे टीम को टूनार्मेंट के लिए लय हासिल करने में सहायता मिलेगी

मंधाना ने जोर देकर कहा कि टीम अपनी तैयारियों को लेकर आश्वस्त है और उसका एकमात्र लक्ष्य विश्व कप जीतना है। उन्होंने कहा, हम विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं और उससे पहले हमें एक सीरीज में खेलना है। हमारी तैयारी अच्छी चल रही है और हम आगे भी कड़ी मेहनत करते रहेंगे। हमें पूरा विश्वास है कि हम विश्व कप जीतकर भारत को गौरवान्वित करेंगे और देशवासियों की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

## सचिन से तुलना कर अनावश्यक वैभव पर दबाव न बनायें : दिनेश कार्तिक

» **मुम्बई, यूटर्न/ 23 मई।**

15 के वैभव सूर्यवंशी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा है। ऐसे में कहा जाने लगा है कि वैभव भविष्य में दूसरे सचिन तेंदुलकर बनेंगे जिसे पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक सही नहीं मानने। कार्तिक का कहना है कि इस प्रकार से किसी भी उभरते हुए खिलाड़ी पर दबाव नहीं बनाया जाना चाहिये। कार्तिक ने जोर देकर कहा है कि वैभव को अपने रास्ते पर चलने देना चाहिए और उन पर अनावश्यक तुलना का बोझ नहीं डालना चाहिए, क्योंकि इससे उनके करियर में बाधाएं आ सकती हैं।

गौरतलब है कि पिछले साल आईपीएल में पदार्पण के बाद से ही वैभव की चर्चा हर तरफ है। इस क्रिकेटर ने केवल 15 साल की उम्र में विश्व के दिग्गज गेंदबाजों पर भी बड़े शॉट लगाकर दिखा दिया कि वह किसी मामले में पीछे नहीं है। आईपीएल के मौजूदा सीजन में वह लगातार ऑरेंज कैप की दौड़ में बने हुए हैं और सबसे अधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुके हैं। बाएं हाथ के इस ओपनर ने 13 मैचों में 579 रन बनाए हैं, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 236.32 का रहा है, जिससे वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। वहीं कार्तिक अभी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाजी कोच और मेंटर हैं, ने इस तुलना पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, 'जो वैभव कर रहा है, वह बहुत खास है, लेकिन मैं नहीं चाहता कि लोग उसे अगला सचिन कहें क्योंकि वह सिर्फ 15 साल का है। उसे वही करने दो जो वह कर रहा है। मुझे लगता है कि सचिन ने जो किया वह असाधारण था और उसकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती।' कार्तिक ने यह भी स्पष्ट किया कि वैभव को अपने करियर में सचिन से बिल्कुल अलग तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

## गुजरात की सफलता में सिराज और रबाडा की अहम भूमिका रही : बांगड़

» **अहमदाबाद, यूटर्न/ 23 मई।**

पूर्व क्रिकेटर संजय बांगड़ ने कहा है कि आईपीएल के इस 19 वें सत्र में गुजरात टाइटंस की सफलता में तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा की अहम भूमिका रही है। ये दोनों गेंदबाज इस सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में शामिल हैं। बांगड़ ने कहा कि इस तेज गेंदबाजी जोड़ी ने टीम की इस सत्र में सफलता की नींव रखी है। उन्होंने बताया कि इनकी अच्छी शुरूआती सफलताओं के कारण ही राशिद खान जैसे स्पिनर को बीच के ओवरों में अधिक आजादी के साथ गेंदबाजी करने का मौका मिला। बांगड़ ने कहा, मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा ने इस सीजन में गुजरात टाइटंस के लिए बहुत ही शानदार माहौल तैयार किया है। शुरूआत में लंबे स्पेल डालने से उन्हें लगातार फील्ड या छोर बदलने की जरूरत के बिना लगातार आक्रमण करने का मौका मिला है। शुरूआती विकेट लेने की उनकी काबिलियत ने बाकी गेंदबाजी ईकाई के लिए एक बेहतरीन मंच तैयार किया है। और जब टीम मैच की शुरूआत में ही बढ़त बना लेती है, तो राशिद जैसे गेंदबाज का सामना करना और भी मुश्किल हो जाता है। कुल मिलाकर यह एक बेहतरीन तरीके से संभाला गया बॉलिंग अटैक रहा है।




बांगड़ ने इसके अलावा बल्लेबाज जोस बटलर की प्रशंसा करते हुए कहा उन्होंने इस सीजन में खूब रन बनाए हैं और अपनी बल्लेबाजी में एक अलग ही स्तर का दबदबा और आक्रामकता दिखाई है। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच को ही लें उनके स्ट्राइक रेट ने पारी का रुख पूरी तरह से बदल दिया और गुजरता को एक ऐसा स्कोर बनाने में मदद की जिसे हासिल करना सीएसके के लिए असंभव हो गया। साथ ही कहा कि अब इन खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन का लाभ टीम को प्लेऑफ में मिलेगा।

# बॉलीवुड में ग्लेमर का तड़का



कृति सैनन



TRIPTI DIMRI

## फटाफट खबरें

### स्पेसएक्स ने स्टारशिप अंतरिक्ष यान के उन्नत संस्करण की पहली परीक्षण उड़ान लॉन्च की

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 23 मई।** अमेरीकी उद्योगपति एलन मस्क की अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स ने अपने स्टारशिप अंतरिक्ष यान के उन्नत संस्करण की पहली परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक लॉच की है। इस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के अनुसार यह परीक्षण उड़ान टेक्सास के बोका चिका में स्टारबेस लॉन्च स्थल से की गयी। स्पेस एक्स ने इससे पहले शुक्रवार को इस परीक्षण उड़ान को रद्द कर दिया था। श्री मस्क ने बाद में एक्स पर कहा कि परीक्षण रद्द होने की वजह यान में कोई तकनीकी खराबी नहीं थी। उन्होंने बताया कि लॉन्च टावर की आर्म को सुरक्षित रखने वाली एक हाइड्रोलिक पिन नहीं निकाली गई थी। उन्होंने आगे कहा कि इस समस्या का समाधान जल्द ही हो जाना चाहिए।

### ट्रंप ने ईरान के साथ चल रही शांति वार्ता को और समय देने का फैसला किया

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 23 मई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ चल रही शांति वार्ता को और समय देने का फैसला किया है। यह जानकारी वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दी है। उन्होंने बताया कि श्री ट्रंप ने कूटनीति को एक मौका देने के लिए, फिलहाल ईरान के खिलाफ हमले फिर से शुरू न करने का फैसला किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि श्री ट्रंप ने शुक्रवार सुबह अमेरिका के शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक बैठक की, जिसमें ईरान को लेकर आगे के कदमों पर चर्चा हुई, लेकिन इस दौरान कोई औपचारिक फैसला नहीं लिया गया। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सहयोगियों से कहा कि वह कूटनीतिक प्रक्रिया को काम करने के लिए और अधिक समय देना चाहते हैं।

### ईरान ने अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को पहुंचाया बड़ा नुकसान

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 23 मई।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव के बीच ईरान ने अमेरिकी सेना के 24 से अधिक एमक्यू-9 रीपर ड्रोन नष्ट करने का दावा किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इससे अमेरिका को करीब 1 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। इस घटना ने भारत की अमेरिका के साथ हुई एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन डील को लेकर भी नई बहस छेड़ दी है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, संघर्ष के दौरान कम से कम 24 और संभवतः 30 तक एमक्यू-9 रीपर ड्रोन नष्ट हुए। इनमें कुछ ड्रोन ईरानी एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा मार गिराए गए, जबकि कुछ मिसाइल हमलों या दुर्घटनाओं में तबाह हो गए। जनरल एटॉमिक्स द्वारा निर्मित एमक्यू-9 रीपर ड्रोन अमेरिकी सेना के सबसे अहम निगरानी और सटीक हमले करने वाले प्लेटफॉर्म माने जाते हैं। ये हेलफायर मिसाइलों और जेडीएएम गाइडेड बमों से लैस होते हैं। एक ड्रोन की कीमत लगभग 30 मिलियन डॉलर बताई जाती है।
भारत ने अमेरिका के साथ 31 एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के लिए लगभग 3.5 अरब डॉलर की डील की है। इन ड्रोन का उपयोग भारतीय नौसेना, थल सेना और वायुसेना द्वारा निगरानी और खुफिया अभियानों में किया जाएगा।

# हमारी मांगें मानने के अलावा अमेरिका के पास कोई रास्ता नहीं बचा : ईरान

» **तेहरान, यूटर्न/ 23 मई।**

ईरान-अमेरिका के बीच स्थायी संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है। दोनों ओर से एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी भी खूब हो रही है। शनिवार को ईरान के रक्षा मंत्रालय ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर बड़ा बयान दिया गया है। मंत्रालय के प्रवक्ता का कहना है कि यूएस-इजरायल के पास हमारी मांगों को मानने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। तस्नीम न्यूज एजेंसी के अनुसार, मंत्रालय के प्रवक्ता रजा तलाए-निक ने कहा कि ट्रंप के पास ईरानी की मांगें मानने और ईरान के अधिकारों को स्वीकार करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। उन्होंने कहा, 'चाहे जंग हो या बातचीत, दोनों हालात में अमेरिका और इजरायल के लिए यही एक रास्ता शेष है। अगर वे ईरान की मांगों को नहीं



मानते, तो दोनों को नुकसान उठाना पड़ेगा।' प्रवक्ता ने यह भी आरोप लगाया कि ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रीय हितों को नजरअंदाज कर रहे हैं और पूरी तरह इजरायल के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप का अहंकारी रवैया अमेरिका को युद्ध के दलदल में और गहराई तक ले जाएगा।

इस बीच, ईरान-अमेरिका के बीच स्थायी संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है। शनिवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कई देशों के अपने समकक्षों संग टेलीफोन वार्ता की। बातचीत का मकसद क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर गंभीर मंत्रणा करना था।

आईआरएनए समाचार एजेंसी ने बताया कि अराघची ने अपने तुर्की, कतर, जापान, ओमान और इराक के समकक्षों के साथ हालिया क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की।

हाकान फिदान, शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी, तोशिमित्सु मोतेगी और फुआद मोहम्मद हुसैन के साथ अलग-अलग फोन वार्ताओं में अराघची ने द्विपक्षीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

## छात्र वीजा पर लगी पाबंदियों से अमेरिका के इनोवेशन को पहुंच सकता है नुकसान

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 23 मई।**

अमेरिकी सांसदों के एक द्विदलीय समूह ने ट्रंप प्रशासन से अंतरराष्ट्रीय छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए मौजूदा वीजा ढांचे को बनाए रखने का आग्रह किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि प्रस्तावित प्रतिबंध अमेरिका की तकनीकी बढ़त, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और अनुसंधान नेतृत्व को नुकसान पहुंचा सकते हैं। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी मार्कवेन मुलिन और ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट के डायरेक्टर रस वॉट को भेजे गए एक पत्र में, कांग्रेस के चार सदस्यों ने एफ-1 और जे-1 वीजा धारकों के लिए मौजूदा 'ड्यूरेशन और स्टेटस' (स्थिति की अवधि) सिस्टम को एक तय चार साल की एडमिशन अवधि से बदलने के खिलाफ चेतावनी दी। इस पत्र पर प्रतिनिधियों सैम लिकार्डो, जे ओबरनोल्टे, मारिया सालाजार और राजा कृष्णमूर्ति ने हस्ताक्षर किए थे।

## पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड बुरहान सुपुर्द-ए-खाक, जनाजे में शामिल हुए खूंखार आतंकी

» **इस्लामाबाद, यूटर्न/ 23 मई।**



अज्ञात बंदूकधारियों की गोलियों का शिकार हुए पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड हमजा बुरहान को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और स्थानीय रिपोर्ट्स के अनुसार, उसके जनाजे में कई खूंखार आतंकी और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के अधिकारी शामिल हुए। इनमें हिज्बुल मुजाहिदीन प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन और अल-बद्र सरगना बख्त जमीन खान जैसे नाम अहम हैं। हमजा बुरहान, जिसे अर्जुमंद गुलजार डार और कोडनेम 'डॉक्टर' के नाम से भी जाना जाता था, को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा गोली मारे जाने के एक दिन बाद इस्लामाबाद में दफनाया गया।

सोशल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जनाजे में दुर्दांत आतंकियों के अलावा पाकिस्तान की आईएसआई से जुड़े अधिकारी भी मौजूद थे।

जनाजे के वीडियो में भारी हथियारों से लैस लोग एके-47 और अन्य आधुनिक हथियारों के साथ दिखाई दिए। इससे समारोह के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का संकेत मिला। सोशल मीडिया वीडियो में प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े कई हथियारबंद कैडरों की मौजूदगी भी दिखाई गई। बुरहान को वर्ष 2019 के पुलवामा हमले का मुख्य साजिशकर्ता माना जाता था, जिसमें फरवरी 2019 में सीआरपीएफ के 40 से अधिक जवान शहीद हुए थे। भारत के गृह मंत्रालय ने उसे 2022 में जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में आतंकवादी घोषित किया था। अधिकारियों के अनुसार, वह युवाओं को बरगलाने, उन्हें कट्टरपंथ की ओर धकेलने और पाकिस्तान संचालित अल-बद्र के लिए फंडिंग में अहम भूमिका निभा रहा था। हाल के वर्षों में वह पीओके में गुप्त रूप से रह रहा था और शिक्षक के रूप में काम कर रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वह मुजफ्फराबाद के एक निजी कॉलेज का प्रिंसिपल भी था।

स्थानीय पुलिस के मुताबिक, गुरुवार सुबह कॉलेज परिसर से बाहर निकलते समय अज्ञात हमलावरों ने उस पर करीब से गोलीबारी की, जिसमें उसके सिर में कई गोलियां लगीं। मई 2025 में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मारे गए आतंकियों के जनाजों में भी पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी, नौकरशाह और आतंकी संगठन प्रमुख शामिल हुए थे।

## चीन की कोयला खदान में विस्फोट 80 से ज्यादा की मौत, जिनपिंग ने जांच के दिए आदेश

» **बीजिंग, यूटर्न/ 23 मई।**



चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान में विस्फोट होने से करीब 82 लोगों की मौत हो गई है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस घटना पर दुख जताते हुए लापता लोगों की तलाश करने और घायलों के इलाज को लेकर निर्देश जारी किए हैं।

यह जानकारी सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने दी। समाचार एजेंसी के अनुसार, फिलहाल बचाव अभियान जारी है। यह दुर्घटना 22 मई को लिउशेन्यू कोयला खदान में हुई, जिसका संचालन शांक्सी तोंगझू ग्रुप करता है। सिन्हुआ के मुताबिक, 'शांक्सी प्रांत के तोंगझोउ ग्रुप की लिउशेन्यू कोयला खदान में हुए गैस विस्फोट स्थल से संवाददाताओं को जानकारी मिली है कि इस दुर्घटना में 82 लोगों की मौत हो गई है।' यह विस्फोट शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार शाम 7:29 बजे (11:29 जीएमटी) शांक्सी की एक कोयला खदान में हुआ। बताया गया है कि घटना के समय वहां 247 कर्मचारी ड्यूटी पर मौजूद थे। घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है। राष्ट्रपति जिनपिंग (चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) केंद्रीय समिति के महासचिव और केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष भी हैं) ने दुर्घटना के बाद की स्थिति को सही तरीके से संभालने और दुर्घटना के कारणों की गहन जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून के अनुसार जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय की जाए। शी जिनपिंग ने जोर देकर कहा कि देशभर के अधिकारियों को इस दुर्घटना से सबक लेना चाहिए, कार्यस्थल सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना चाहिए और संभावित जोखिमों की पहचान और उन्हें खत्म करने के प्रयास तेज करने चाहिए ताकि बड़ी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## कैलिफोर्निया में रासायनिक रिसाव के बाद 40,000 लोगों को इलाका खाली करने का आदेश

» **कैलिफोर्निया, यूटर्न/ 23 मई।**

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार दक्षिणी कैलिफोर्निया में लगभग 40,000 निवासियों को निकासी के आदेश के तहत रखा गया क्योंकि एक एयरोस्पेस निर्माण संयंत्र में अत्यधिक वाष्पशील औद्योगिक रसायन से भरे टैंक में रिसाव होने से बड़े विस्फोट या जहरीले रिसाव की आशंका पैदा हो गई। शुक्रवार (स्थानीय समय) को अधिकारियों ने बताया कि यह रिसाव गुरुवार दोपहर ऑरेंज काउंटी के गार्डन ग्रोव



शहर स्थित एक संयंत्र में शुरू हुआ, जहां मिथाइल मेथाक्रिलेट से भरे एक अत्यधिक गर्म भंडारण टैंक से खतरनाक गैसें निकलने लगीं। मिथाइल मेथाक्रिलेट एक ज्वलनशील रसायन है, जिसका उपयोग ऐक्रेलिक प्लास्टिक बनाने में किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि जीकेएन एयरोस्पेस द्वारा संचालित इस संयंत्र में कुल तीन भंडारण टैंक हैं, जिनमें से एक का कूलिंग सिस्टम फेल हो गया।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इसी वजह से स्थिति गंभीर हो गई। दिन में बाद में ऑरेंज काउंटी फायर अथारिटी ने एक्स पर एयरोस्पेस में मौजूद 34,000 गैलन मिथाइल मेथाक्रिलेट वाले अस्थिर टैंक के बारे में एक महत्वपूर्ण वीडियो अपडेट साझा किया।

अधिकारियों ने दो संभावित खतरों का उल्लेख किया: पहला, 6,000 से 7,000 गैलन ज्वलनशील और विषैले रसायन का आसपास के क्षेत्र में फैल जाना; दूसरा, अत्यधिक गर्मी के कारण विस्फोट होना, जिससे पास के अन्य टैंक भी प्रभावित हो सकते हैं।

हालांकि, ब्रीफिंग के समय किसी सक्रिय जहरीले धुएं की पुष्टि नहीं हुई थी। आपातकालीन दलों को शुरूआत में लगा था कि रातभर में स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है लेकिन शुक्रवार को हालात और बिगड़ने पर अधिकारियों को निकासी आदेशों का दायरा बढ़ाना पड़ा। इसके चलते कई शहरों में स्कूल बंद करने पड़े और आपातकालीन सेवाएं सक्रिय करनी पड़ीं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *